


तीन ओवर के लिए आपके भरोसेमंद गेंदबाज

दीपक पहले तीन ओवर के लिए आपके भरोसेमंद गेंदबाज हैं। वह आएंगे और पावरप्ले में आपके लिए विकेट निकालकर देंगे। इससे ज्यादा बेहतर तो कुछ भी नहीं होने वाला है। वह विरोधी टीम की कमर तोड़कर रख देता है। डेथ ओवर में भी ठीक ही हैं. हां उतने अच्छे नहीं लेकिन इसपर काम किया जा सकता है। मुझे तो लगता है कि सीएसके उनके लिए एक बार फिर से कोशिश करने वाली है। अहमदाबाद और लखनऊ की टीमें भी यकीनन ही कोशिश करेंगी। बल्कि हर एक फ्रेंचाइजी उनको अपनी टीम में लाने के लिए कोशिश जरूर करने वाली है। अब तो वह बल्लेबाजी भी काफी ज्यादा अच्छी करने लगे हैं।

## ये भारतीय होगा आईपीएल नीलामी में सबसे महंगा गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल के 15वें सीजन से पहले सभी टीमें मेगा आक्शन की तैयारी में जुट चुकी हैं। हर एक टीम ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों कि लिस्ट लगभग तैयार कर ली है। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर इस बार सबसे महंगे बिकने वाले गेंदबाज हो सकते हैं। उनपर सभी टीम की नजर है और उंची बोली लगने की उम्मीद होगी। आकाश ने कहा, सबसे पहले वो नई गेंद से विकेट हासिल करते हैं। इस तरह का कोई और भारतीय गेंदबाज नजर नहीं आता। आप भुवनेश्वर कुमार, संदीप वारियर, शिवम मावी के बारे सोच सकते हैं। मैं तो हर्षल पटेल के साथ भी नहीं जाना चाहूंगा, मानता हूं कि उन्होंने पिछले सीजन में 32 विकेट चटकाए हैं और वह पर्पल कैप हासिल करने वाले गेंदबाज रहे। लेकिन मुझे भी फिर लगता है कि उनकी कीमत उतनी ज्यादा नहीं होने वाली है। आकाश ने कहा कि दीपक में वह काबिलियत है कि शुरुआती ओवर में ही विरोधी टीम की कमर तोड़ सकते हैं। सीएसके की टीम एक बार फिर से उनको अपनी टीम का हिस्सा बनाना चाहेगी।

# रोहित ने मुंबई इंडियंस के लिए बेहतरीन कप्तानी की

**क्रिकेट**

## रिकी पोंटिंग ने रोहित शर्मा की कप्तानी का किया समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली के बाद भारत के सफेद गेंद वाले कप्तान रोहित शर्मा को अगला टेस्ट कप्तान बनाने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के साथ रोहित की सफलता उनकी कप्तानी का प्रमाण है। नवंबर 2021 में टी20 कप्तान बनने के बाद, शर्मा को दिसंबर में भी वनडे कप्तानी दी गई थी।

चोट के कारण साउथ अफ्रीका सीरीज से बाहर होने से पहले उन्हें टेस्ट में उपकप्तान के रूप में भी पदोन्नत किया गया था। अब कोहली के टेस्ट कप्तान नहीं होने के कारण, पोंटिंग ने पांच बार के आईपीएल विजेता कप्तान शर्मा को खेल के सबसे लंबे प्रारूप में भारत का कप्तान बनाने का समर्थन किया है। शर्मा की कप्तानी में 22 टी20 मैचों में भारत ने चार मैच हारते हुए




18 जीते हैं। शर्मा के कप्तान के रूप में 10 एकदिवसीय मैचों में दो मैच हारकर आठ जीते हैं।
आईसीसी रिव्यू शो में पोंटिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए बेहतरीन कप्तानी की है। वह वहां एक बहुत ही सफल लीडर रहे हैं और कुछ मौकों पर भारत का नेतृत्व भी किया है।' दो बार के पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने कहा, 'पिछले 2–3 सालों में उन्होंने अपने टेस्ट क्रिकेट के साथ जो किया है, उसके बाद बहस करना काफी कठिन है। उन्होंने उस समय के दौरान दुनियाभर में रन बनाए हैं और हम जानते हैं कि वह सफेद गेंद के खिलाड़ी के रूप में कितने अच्छे हैं।'

पोंटिंग का मानना है कि अजिंक्य रहाणे टेस्ट कप्तानी के लिए अच्छा विकल्प हो सकते हैं। रहाणे ने छह टेस्ट में भारत की कप्तानी की, जिसमें चार में जीत और दो बार ड्रॉ रहा। 47 वर्षीय पूर्व कप्तान इस बारे में निश्चित नहीं थे कि केएल राहुल, जिन्होंने साउथ अफ्रीका के दौरे पर अपनी टेस्ट और एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत की, नेतृत्व की भूमिका में कैसा प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा, 'मैं केएल राहुल को अच्छी तरह से नहीं जानता। मैंने उनके बारे में सभी रिपोर्टें सुनी हैं कि वह एक प्रतिभाशाली व्यक्ति हैं और वह बहुत अच्छा खेल रहे हैं। वास्तव में एक अच्छा टेस्ट रिकॉर्ड बनाना शुरू कर रहे हैं, खासकर विदेशों में। अभी कुछ नाम और सामने आएंगे।'

# एम एस धौनी से किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं: हरभजन सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हरभजन सिंह ने पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा था और इसके बाद उन्होंने कई ऐसे बयान जारी किए जिससे ऐसा लगने लगा था कि उनके और महेंद्र सिंह धौनी के बीच सब कुछ ठीक नहीं है और आपसी कड़वाहट है। रिटायरमेंट के बाद भज्जी ने कहा था कि वो कुछ दिन और क्रिकेट खेल सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने ये भी कहा था कि टीम से बाहर किए जाने की वजह उन्होंने धौनी से पूछी थी, लेकिन उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया था और फिर उन्होंने पूछना भी छोड़ दिया था।

हरभजन सिंह द्वारा इस तरह की बातें सामने आने के बाद




सबको यही लगा कि धौनी के साथ उनके संबंध कुछ ठीक नहीं है, लेकिन इस पर अब भज्जी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। हरभजन सिंह ने कहा कि मुझे एम एस धौनी से किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं है। सच तो ये है कि इतने वर्षों से वो मेरे दोस्त रहे हैं। मुझे उस समय सरकार (बीसीसीआइ) से शिकायत है। मैं बीसीसीआइ को सरकार कहकर संबोधित करता हूं। उस समय जो टीम के चयनकर्ता थे उन्होंने अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं किया और टीम को कभी एकजुट नहीं होने दिया।

भज्जी ने इस बात का भी खुलासा किया कि 2011 वर्ल्ड कप फाइनल में खेलने वाले खिलाड़ी फिर कभी एक साथ क्यों नहीं खेले। उन्होंने कहा कि इस पर सबकी अलग–अलग राय है, लेकिन मैं सिर्फ ये बताना चाहता था कि 2011 के बाद भी बहुत सी चीजें बेहतर हो सकती थी। सहवाग, युवराज, गौतम गंभीर और मैं एक साथ खेलकर संन्यास ले सकते थे क्योंकि वो सभी आइपीएल में खेल रहे थे। ये काफी निराश करने वाला है कि 2011 की चौंपियन टीम फिर कभी एक साथ नहीं खेली, क्यों। उनमें से सिर्फ कुछ खिलाड़ी ही 2015 वर्ल्ड कप में खेले, क्यों।

## अगले कप्तान होंगे रवींद्र जडेजा या धौनी ही करेंगे टीम की अगुआई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2022 के लिए होने वाली नीलामी से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीजन के लिए जिन चार खिलाड़ियों को रिटेन किया था उसमें पहले नंबर पर भारतीय आलराउंडर रवींद्र जडेजा हैं। सीएसके ने जडेजा को 16 करोड़ रुपये देकर रिटेन किया जबकि एम एस धौनी दूसरे नंबर पर रहे और उन्हें 12 करोड़ रुपये मिले। इनके अलावा मोइन अली को 8 करोड़ और रितुराज गायकवाड़ को 6 करोड़ रुपये देकर रिटेन किया गया। इससे पहले एम एस धौनी ने संकेत दिए थे कि शायद आइपीएल 2022 उनका आखिरी सीजन हो सकता है, लेकिन सीएसके ने इस पर अपनी चुप्पी साध रखी है। धौनी द्वारा इस तरह के संकेत दिए जाने के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही थी कि एम एस धौनी कप्तानी की बागडोर रवींद्र जडेजा को सौंप सकते हैं, लेकिन सीएसके अधिकारियों के मुताबिक ऐसा कुछ नहीं होने जा रहा है। धौनी ने आइपीएल 2021 के दौरान ये इच्छा जाहिर की थी कि वो अपना आखिरी आइपीएल मैच चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में खेलना चाहेंगे।

## न्यूज डायरी




## भुवनेश्वर कुमार को भारतीय टीम से बाहर करके किस खिलाड़ी को दें मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन–तीन मैचों की वनडे व टी20 सीरीज खेलने जा रही है जिसकी शुरुआत 6 फरवरी से होगी। इससे पहले भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज 0–3 से गंवा दिया था और टीम इंडिया की नजरें अब जोरदार वापसी पर है। अब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले इस क्रिकेट सीरीज से पहले पूर्व भारतीय ओपनर बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारतीय टीम मैनेजमेंट को कुछ अहम सलाह दिए हैं। गावस्कर के मुताबिक टीम मैनेजमेंट को कुछ टफ फैसले करने की जरूरत है। स्पोर्ट्स टूडे के साथ बात करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में जो एक नाम आ रहा है वो भुवनेश्वर कुमार का है। मुझे ये भी नहीं पता कि उनका भविष्य अब किस तरह का है। उन्होंने अपनी गति खो दी है, शुरुआत में उनके पास सटीकता थी जिसके दम पर वो गेंद को सही जगह पर डालकर गति प्राप्त करते थे और विकेट लेते थे।

## भारतीय तेज गेंदबाजों को मुकाबले पाकिस्तानी तेज गेंदबाज होते हैं बेहतर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम हमेशा से बेहतरीन तेज गेंदबाजों के लिए जानी जाती रही है। इस टीम में एक से बढ़कर एक तेज गेंदबाज हुए हैं जिसमें इमरान खान, वसीम अकरम, शोएब अख्तर, वकार यूनुस, मो. आमिर, शाहीन अफीरीदी जैसे गेंदबाज शामिल हैं। इन गेंदबाजों ने अपनी जबरदस्त गेंदबाजी स्किल के जरिए अपने देश को गौरवान्वित किया है। वहीं भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों की बात करें तो इनका स्तर पाकिस्तानी गेंदबाजों जैसा नहीं रहा है, लेकिन कपिल देव, जवागल श्रीनाथ, जहीर खान, जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाजों ने देश का गौरव बढ़ाया है। भारतीय तेज गेंदबाजों के बारे में बात करते हुए पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि भारत में आजकल अच्छे तेज गेंदबाज सामने आ रहे हैं, लेकिन कुछ ऐसा है जिसकी कमी उनके पास है। इस पूर्व स्पीड स्टार ने बताया कि भारतीय तेज गेंदबाजों में अग्रेशन और किलर इन्सटिंक्ट की कमी है।

## विराट कोहली ने क्यों छोड़ी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली की कप्तानी को लेकर कई बातें कही। पोंटिंग ने कहा कि विराट कोहली ने जब टेस्ट कप्तानी छोड़ी तब वो उनके फैसले से हैरान थे, लेकिन मेरा मानना है कि उन्होंने कुछ रिकार्ड तोड़ने और अपनी बल्लेबाजी को और बेहतर करने के मकसद से ये फैसला किया होगा। रिकी ने विराट कोहली की कप्तानी की जमकर तारीफ की और कहा कि उनकी कप्तानी में भारत का विदेशी धरती पर रिकार्ड सुधरा और पहले की तुलना में भारतीय टीम ने विदेशी धरती पर ज्यादा मैच जीते। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि विराट कोहली के उत्तराधिकारी के रूप में रोहित शर्मा अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाएंगे। रिकी पोंटिंग ने द आइसीसी रिव्यू के पहले एपिसोड में कहा कि मेरी कोहली से आइपीएल 2021 के पहले चरण में बात हुई थी और उनके कप्तानी छोड़ने से मुझे हैरानी हुई।

## उमर गुल ने अपनी तुलना पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह से की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी उमर गुल ने अपनी तुलना पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह से करते हुए कहा कि मैं उनसे बेहतर बल्लेबाज हूं। गुल ने बताया कि उन्होंने वर्ल्ड कप के एक मुकाबले में अपनी बल्लेबाजी के दम पर मैन आफ द मैच का अवार्ड हासिल किया था हालांकि इसके बाद उनके साथ कभी ऐसा नहीं हुआ। गुल को साल 2012 में टी20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 17 गेंदों पर 32 रन की पारी खेलने का कारण मैन आफ द मैच का खिताब मिला था। इस मैच में उन्होंने 19 रन देकर एक विकेट भी लिया था।